तापमान
अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार 5 जून 2026

10 फरसगांव उपचुनाव में कांटे की टक्कर...

10 शिक्षक आत्महत्या का मामला: फरार आरोपियों ...




# परिवहन समितियों के कार्यों से परेशान ट्रक ट्राला मालिकों ने लगाई गुहार

## 15 दिन में व्यवस्था दुरुस्त नही होने पर जिला प्रशासन को सौपेंगे वाहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नगरनार स्टील प्लांट में परिवहन समितियों के खिलाफ ट्रक-ट्राला मालिक सड़क पर उतर गए हैं। जिसका कारण परिवहन व्यवसाय प्रारंभ करने के लिए फाइनेंस में वाहन खरीदा गया अब किस्त पटाने के लिये उनके पास कोई विकल्प नहीं बचा है।

नगरनार प्लांट में माल का परिवहन करने जय झाड़ेश्वर परिवहन समिति, बस्तर परिवहन संघ , तथा बस्तर ट्रेलर-ट्राला संघ परिवहन का कार्य कर रहीं है । जिसके अंतर्गत अनेक वाहन परिवहन कार्य मे लगे हैं । इन समितियों की कार्य प्रणाली के कारण मालिकों को अपने वाहन चलाने में मशक्कत करना पड़ रहा है।



### वाहन मालिकों ने राजनीतिक दल जनप्रतिनिधियों को दी जानकारी

इन सभी विषयों को लेकर 150 से अधिक वाहनों के मालिकों ने समितियों से परेशान हो कर बैठक कर सांसद, विधायक, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष, कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष, पूर्व सांसद, जिला प्रशासन को पत्र लिखकर इस मामलों से अवगत कराया है। सभी वाहनों के मालिकों ने 15 दिवस के भीतर व्यवस्था सही करने की गुहार लगाई है। अन्यथा वाहन मालिक जिला प्रशासन को वाहन सौंप देंगे।

जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि पैनल में चल रहे वाहनों का संचालन सही ढंग से नही किया जा रहा है। समितियों द्वारा तय निर्धारित दर पर गाड़ी मालिकों को भाड़ा नहीं दिया जा रहा है। समय सीमा में भाड़ा नहीं मिल रहा है। स्थानीय लोगों की उपेक्षा कर अन्य जिला, संभाग एवं प्रदेश की गाड़ियों को चैनल में जोड़ा गया है। समितियों द्वारा बाहरी 16 चक्का वाहनों का संचालन किया जा रहा है। सभी 16 चक्का क्षेत्रीय वाहनों का प्लांट में माल लोडिंग के लिए सही तरीकों से निर्धारण नहीं किया जा रहा है। विगत कुछ महीनों पहले बिना किसी मापदंड के चैनल में ट्रेलर की संख्या बढ़ा दी गयी है।

## खबर संक्षेप

### विजयी पार्षद ने लिया मिथिलेश का आशीर्वाद



**जगदलपुर।** जीत के बाद कांग्रेस पार्षद मुन्नू तिवारी ने पूर्व क्रेडा चैयरमेन और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मिथिलेश स्वर्णकार के निवास पहुंचकर आशीर्वाद लिया। यह वार्ड मिथिलेश स्वर्णकार और पूर्व विधायक रेखचंद जैन का गृह वार्ड है, इसलिए यहां दोनों की प्रतिष्ठा जुड़ी हुई थी।

### उपचुनाव में भाजपा को मिली करारी शिकस्त

**जगदलपुर।** नगर पालिका निगम में नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि इंदिरा वार्ड उपचुनाव के परिणाम ने यह स्पष्ट कर दिया है कि जनता ने विकास, विश्वास और जनहित के पक्ष में अपना निर्णायक जनादेश दिया है। भाजपा के समीकरण और रणनीतियां इस बार पूरी तरह विफल हुईं। उन्होंने कहा कि इंदिरा वार्ड की जनता ने कांग्रेस प्रत्याशी को जीत का आशीर्वाद दिया है। एड़ी चोटी का जोर लगाने वाली भाजपा को करारी शिकस्त मिली है। भाजपा ने कई बड़े नेताओं को चुनाव प्रचार में उतारा था। चमक-दमक और राजनीतिक शोर के बीच भी जनभावनाएं कांग्रेस के साथ खड़ी रहीं। चुनाव में धनबल और प्रशासनिक प्रभाव का उपयोग करने की कोशिशें की गईं, लेकिन जनादेश जनसेवा के मुद्दों पर आया।



### लाईवलीहुड कॉलेज में ट्रैक्टर मैकेनिकों का प्रशिक्षण

**जगदलपुर।** लाईवलीहुड कॉलेज द्वारा मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत ट्रैक्टर मैकेनिक ट्रेड में निशुल्क एवं रोजगारोन्मूलक कौशल प्रशिक्षण की शुरुआत की जा रही है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रवेश के लिए 5 जून से 15 जून तक लाईवलीहुड कॉलेज आड़ावाल परिसर में एक विशेष काउंसलिंग कैंप का आयोजन किया गया है, जहाँ इच्छुक उम्मीदवार प्रशिक्षण हेतु अपने आवेदन जमा कर सकेंगे। यह पूरी तरह से एक निशुल्क आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम है, जिसका सीधा मतलब है कि चयनित उम्मीदवारों के लिए प्रशिक्षण के दौरान रहने और खाने-पीने की पूरी व्यवस्था संस्थान द्वारा मुफ्त में की जाएगी।

### डीएलएड प्रवेश परीक्षा में 2962 परीक्षार्थी हुए शामिल

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा आयोजित राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् के अंतर्गत डीएलएड प्रवेश परीक्षा आज शहर में पूर्णतः शांतिपूर्ण और सुचारू रूप से संपन्न हो गई। परीक्षा का आयोजन सुबह 10 बजे से दोपहर 12:15 बजे तक किया गया, जिसके सफल संचालन के लिए कलेक्टर आकाश छिकारा के नेतृत्व में जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा और व्यवस्था के कड़े प्रबंध किए गए थे। परीक्षा 12 केंद्रों को मिलाकर 3,891 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 2,962 परीक्षार्थी परीक्षा में उपस्थित हुए और 929 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए।

### अनियंत्रित ट्रैक्टर नाली में घुसा, चालक की मौत

**जगदलपुर।** बीजापुर जिले के भैरमगढ़ में तेज रफ्तार ट्रैक्टर के अनियंत्रित होकर नाली में घुसने से चालक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की खबर लगते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रैक्टर में फंसे चालक को निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। जानकारी के मुताबिक नगर पंचायत भैरमगढ़ के वार्ड क्रमांक 11 स्थित सरस्वती शिक्षा मंदिर स्कूल के ▶▶|शेष पेज 10 पर

## सियासत : नगर सत्ता में रहने के बावजूद भाजपा प्रत्याशी की करारी हार

# उपचुनाव में कांग्रेस ने 436 मतों से जीतकर इंदिरा वार्ड में पंजा का जलवा रहा बरकरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ विजय जुलूस निकालकर कांग्रेस ने मनाया जश्न

शहर के इंदिरा गांधी वार्ड के उपचुनाव में कांग्रेस ने अपनी जीत बरकरार रखते हुए नगर सत्ता में रहने वाले भाजपा को पटकनी दी है। बेहद उतार-चढ़ाव और कड़े मुकाबले के बीच कांग्रेस प्रत्याशी रामकृष्ण तिवारी ने शानदार जीत दर्ज करते हुए भाजपा के प्रत्याशी मनोहर दत्त तिवारी को 436 मतों से करारी शिकस्त दी है। कांग्रेस को 2 बूथ में 483 और 331 कुल 814 वोट मिले। वहीं भाजपा को 157 और 221 कुल 378 वोट मिले। आप पार्टी की रूबिना हुसैन को 18 और 4 कुल 22 वोट मिले। वहीं नोटा में 5 और 4 कुल 9 वोट गए। इस तरह 436 वोट के अंतर से कांग्रेस ने नगर निगम बनने के बाद से जीतते हुए अपना प्रभाव वार्डवासियों के बीच बनाकर रखा है।

पूर्व पार्षद रशीद खान के असामयिक निधन के बाद यहां उपचुनाव हुआ। जिसमें कांग्रेस प्रत्याशी ने वार्ड में लोगों के बीच अपनी सक्रियता बरकरार रखी थी। यहीं कारण है कि उपचुनाव में सत्ता धारी दल को जीत हासिल होती है लेकिन यहां पूरी ताकत झोंकने के बावजूद भाजपा को करारी हार का सामना करना पड़ा। सुबह कलेक्टोरेट में हुए मतगणना में कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में वोट का प्रतिशत बढ़ते जाने पर कांग्रेस खेमे में ▶▶|शेष पेज 10 पर




### कांग्रेस भवन से लेकर रैली में दिखी खुशी



कलेक्टोरेट में परिणाम आने के बाद सारे कांग्रेसी राजीव भवन पहुंचे। जहां विजयी पार्षद को कंधे में लाद कर जश्न मनाया। वहीं रंग गुलाल खेलकर एक दूसरे का मुंह मीठा कराया गया। दंतेश्वरी मंदिर पहुंचकर देवी दर्शन कर आशीर्वाद लिया। उसके बाद निकले विजय जुलूस में कांग्रेस के सभी प्रकोष्ठ के नेता कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### धन- बल और प्रशासनिक तंत्र का दुरुपयोग

शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य ने कहा कि इस उपचुनाव को जीतने के लिए भाजपा ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी थी। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष, बस्तर महाराजा और महापौर समेत पूरी सरकारी मशीनरी ने जोर लगा दिया था। भाजपा नेताओं ने चुनाव जीतने के लिए धन, बल, सत्ता और प्रशासनिक तंत्र का खुला दुरुपयोग किया। इसके बावजूद वे इंदिरा गांधी वार्ड की जागरूक जनता को डिगा नहीं पाए। जनता ने भाजपा की अहंकार और दमनकारी राजनीति को नकारते हुए कांग्रेस के किए हुए विकास कार्यों पर अपनी मुहर लगाई है। उन्होंने कहा कि इंदिरा वार्ड की जनता के दिलों में आज भी दिवंगत रशीद खान की यादें जिंदा हैं। जनता ने कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में एकतरफा मतदान कर अपने चहेते पूर्व पार्षद को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की है। उन्होंने इस सफलता का श्रेय संगठन की मजबूती को देते कहा कि कार्यकर्ताओं की दिन-रात की मेहनत, बूथ स्तर की रणनीति और एकजुटता के कारण कांग्रेस ने इस गढ़ को सुरक्षित रखा है।

### विकास की गति को रुकने नहीं देंगे

नवनिर्वाचित पार्षद रामकृष्ण तिवारी ने वार्ड की जनता, वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं और संगठन के कर्मठ कार्यकर्ताओं के प्रति धन्यवाद व्यक्त किया है। उन्होंने विश्वास दिलाया है कि इंदिरा गांधी वार्ड के विकास की गति को रुकने नहीं दिया जाएगा। जनता के इस भरोसे पर कांग्रेस खरी उतरेगी।

# नाले में गिरी महिला की हुई शिनाख्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली

■ बाजार में पति से बिछड़कर घर लौटते समय नाले में गिरकर हुई मौत

पुलिस की चार दिनों की मशक्कत के बाद सिम्प्लेक्स नाले में मिले अज्ञात महिला के शव की शिनाख्त हो गई है। मृतिका की पहचान ग्राम नेरली माहरापारा निवासी कमली कुंजाम के रूप में की गई है। अत्यधिक शराब पीने के कारण नाला पार करते समय डूबने से महिला की मौत होने की आशंका जताई जा रही है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 30 मई को मोबाइल के माध्यम से पुलिस को सूचना मिली थी कि लुनिया खदान के पास सिम्प्लेक्स नाले में एक महिला का शव पड़ा ▶▶|शेष पेज 10 पर



### बाजार से लौटते वक्त हुआ था हादसा

पति ने बताया कि दोनों बचेली बाजार आए थे। जहां साथ में शराब का सेवन किया था। अत्यधिक नशे में होने के कारण दोनों बाजार में ही एक-दूसरे से बिछड़ गए। पति वापस अपने घर नेरली लौट आया, लेकिन पत्नी के घर न पहुंचने पर वह उसे ढूंढ रहा था। पुलिस के अनुसार उक्त नाला ग्रामीणों के आवागमन का मुख्य रास्ता है। अत्यधिक नशे में होने के कारण नाला पार करते समय पानी में गिर जाने और बाहर न निकल पाने की वजह से डूबने से महिला की मृत्यु हो गई।

### सोशल मीडिया और ग्रामीणों की मदद से की गई पहचान

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक गौरव राय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार बर्मन एवं एसडीओपी किरंदुल कमलजीत पाटले के निर्देश पर विशेष अभियान चलाया गया। पुलिस ने सोशल मीडिया और आस-पास के ग्रामीणों को फोटो दिखाकर पूछताछ कर रही थी। इसी दौरान 3 जून की सुबह पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम नेरली माहरापारा निवासी बिज्जा कुंजाम पिछले एक सप्ताह से अपनी पत्नी की तलाश कर रहा है। पुलिस ने तत्काल संदेही पति को थाना तलब किया। शव की कद-काठी, पहने हुए कपड़े और हाथ की चूड़ियों को देखकर पति ने मृतिका की पहचान अपनी पत्नी के रूप में की।

# किसानों की मजबूरी का फायदा उठा रहे बिचौलिए : शिवसेना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ खाद-बीज की कालाबाजारी रोकने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

शिवसेना ने आरोप लगाया कि किसानों की मजबूरी का फायदा उठाकर कुछ लोग खाद-बीज की कालाबाजारी करते हैं। कालाबाजारी रोकने एवं खाद बीज की उपलब्धता सुनिशित हो जिसके लिए जिलाधीश को ज्ञापन सौंपा गया। शिवसेना के प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार के आह्वान पर किसान सेना के प्रदेश अध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव और प्रदेश सचिव कमल सोनी के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में किसानों के हित में आंदोलन चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शिवसेना ने किसानों की समस्या को लेकर जिलाधीश को ज्ञापन सौंपा। जिला अध्यक्ष राजेश कुकडे ने कहा कि जिले की शासकीय सोसायटियों में तत्काल पर्याप्त मात्रा में खाद और बीज उपलब्ध कराया जाए, ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। जिलाध्यक्ष ने बताया कि पिछले वर्ष पर्याप्त मात्रा में खाद-बीज उपलब्ध नहीं होने के कारण किसानों को ▶▶|शेष पेज 10 पर

# संजय बाजार की 15 दुकानों को किया सील

**जगदलपुर।** नगर पालिका निगम ने दुकानों का किराया लंबे समय से जमा नहीं करने वाले दुकानदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। गुरुवार को संजय बाजार की 15 दुकानों को सील किया गया। साथ ही बकाया किराये के रूप में 1 लाख 42 हजार 640 रुपये की वसूली भी की गई। निगम के अनुसार लगभग 60 दुकानों पर करीब 40 लाख रुपये का किराया बकाया है। कई दुकानदारों को नोटिस दिए जाने के बावजूद वर्षों से राशि जमा नहीं की जा रही है। आयुक्त के निर्देश पर राजस्व विभाग ने सीलिंग अभियान चलाया और बकायादारों पर भी कार्रवाई करेगा। अभियान में मीनाक्षी नाग, आरआई राकेश यादव , हरिद्वार मिश्रा, मुन्ना नायक सहित राजस्व विभाग के कर्मचारी शामिल रहे।





# अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे सरकारी योजनाओं का लाभ, सुशासन तिहार प्रभावी माध्यम : कश्यप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



■ उलनार समाधान शिविर में पात्र हितग्राहियों को सामग्री प्रमाण पत्र एवं चेक वितरण

■ प्राप्त आवेदनों एवं मांगों के निराकरण की भी जानकारी दी गई

सुशासन तिहार के अंतर्गत जिले के बकावंड विकासखंड के ग्राम उलनार में 15 पंचायतों के मध्य इस वर्ष का अंतिम समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई। पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद महेश कश्यप ने कहा कि सुशासन तिहार शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन तथा पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का एक प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे और आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निराकरण हो।उन्होंने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए लाभ लेने के लिए प्रेरित भी किया।

शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को सामग्री, प्रमाण पत्र एवं आर्थिक सहायता के चेक वितरित किए गए। साथ ही शासन की योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए योजनाओं के प्रति संतोष व्यक्त किया। समाधान शिविर में प्राप्त आवेदनों एवं मांगों के निराकरण की जानकारी भी दी गई। अधिकारियों ने ग्रामीणों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की पात्रता, आवेदन प्रक्रिया एवं उपलब्ध सुविधाओं के बारे में विस्तार से अवगत कराया।

### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर पूर्व विधायक डॉ सुभाऊ कश्यप, जिला पंचायत सदस्य वनवासी मौर्य सहित क्षेत्र के अन्य जनप्रतिनिधिगण, संबंधित ग्राम पंचायतों के सरपंच, जिला एवं विकासखंड स्तरीय अधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। सुशासन तिहार के समापन अवसर पर आयोजित इस शिविर में शासन और जनता के बीच संवाद स्थापित करने तथा समस्याओं के त्वरित समाधान पर विशेष जोर दिया गया।

## सुशासन तिहार: समाधान शिविर में साझा की सफलता की कहानी

# काष्ठकला शिल्पी इंदुमती ने बस्तर की कला को दिलाई नई पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ बिहान समूह के सहयोग से बनीं आत्मनिर्भर

सुशासन तिहार के दौरान उलनार में आयोजित समाधान शिविर में बकावंड विकासखंड के ग्राम कोहकापाल की काष्ठकला शिल्पी इंदुमती राणा ने अपनी प्रेरणादायक सफलता की कहानी साझा करते हुए बताया कि कैसे मेहनत, कौशल और शासन की योजनाओं के सहयोग से उन्होंने आर्थिक आत्मनिर्भरता हासिल की और "लखपति दीदी" बनने का गौरव प्राप्त किया।

इंदुमती ने बताया कि उनके पति वर्षों से काष्ठकला के क्षेत्र में पारंगत शिल्पी हैं। पति की कला और समर्पण से प्रेरित होकर उन्होंने भी इस पारंपरिक शिल्प को सीखना शुरू किया। धीरे-धीरे उन्होंने लकड़ी पर बस्तर की पारंपरिक कला को उकेरने में दक्षता हासिल की और इसे अपने रोजगार का माध्यम बना लिया। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत संचालित बिहान समूह से जुड़ने के बाद उन्हें आर्थिक सहयोग और मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। समूह के माध्यम से मिली सहायता ने उनके कार्य को नई गति दी, जिससे वे अपने उत्पादों का निर्माण बढ़ाने और बाजार तक पहुंच बनाने में सफल रहीं। इंदुमती ने बताया कि उनके द्वारा तैयार किए गए काष्ठकला उत्पादों की प्रदर्शनी एवं बिक्री के लिए उन्हें देश के विभिन्न प्रतिष्ठित आयोजनों में भाग लेने का अवसर मिला। उन्होंने दिल्ली, भोपाल और रायपुर में आयोजित शिल्पकला प्रदर्शनियों के साथ-साथ देश के प्रसिद्ध सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला में भी अपनी कला का प्रदर्शन किया। इन आयोजनों में बस्तर की पारंपरिक काष्ठकला को सराहना मिली और उनके उत्पादों की अच्छी बिक्री हुई।

### अन्य महिलाओं के लिए बनीं प्रेरणास्रोत



आज इंदुमती न केवल अपने परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत कर रही हैं, बल्कि अन्य महिलाओं के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनी हुई हैं। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं और बिहान समूह के सहयोग ने उनके सपनों को नई उड़ान दी है। उनकी सफलता यह साबित करती है कि उचित अवसर, प्रशिक्षण और आर्थिक सहयोग मिलने पर ग्रामीण महिलाएं भी आत्मनिर्भर बनकर अपनी पहचान स्थापित कर सकती हैं। सुशासन तिहार के मंच से साझा की गई इंदुमती की कहानी ने उपस्थित लोगों को प्रेरित किया और महिला सशक्तिकरण की एक सशक्त मिसाल प्रस्तुत की।

# सिरिसगुड़ा व बेलर के डेंगपारा में समस्याओं का लगा अंबार



**जगदलपुर।** चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सिरिसगुड़ा एवं बेलर के डेंगपारा में बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा एवं जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) ने ग्रामीणों की मूलभूत समस्याओं को लेकर बैठक की।

बैठक में ग्रामीणों ने सड़क, पेयजल, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं अन्य जनसुविधाओं से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। ग्रामीणों ने क्षेत्र के विकास एवं जनहित के मुद्दों पर एकजुट होकर संघर्ष करने का संकल्प लिया। बैठक के दौरान ग्रामीणों ने बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा से जुड़कर संगठन को मजबूत बनाने तथा जनता के अधिकारों की लड़ाई में सक्रिय भूमिका निभाने की सहमति ▶▶|शेष पेज 10 पर


आइये हम सब मिलकर प्रकृति का संरक्षण करें, अपने पारिस्थितिकी पदचिह्न को कम करें और एक हरित विश्व का निर्माण करें। पृथ्वी को हम जो सबसे अच्छा उपहार दे सकते हैं, वह है अधिक से अधिक पेड़ लगाना।
विश्व पर्यावरण दिवस
की आप सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
पर्यावरण संरक्षण हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है, हर व्यक्ति को इसमें अपना सार्थक योगदान देना चाहिए।
मान. केदार कश्यप जी
वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री
छ.ग. शासन
विनीत- एक पर्यावरण प्रेमी, बस्तर वनमंडल


मान. विष्णुदेव साय जी
मुख्यमंत्री
छ.ग. शासन
मान. केदार कश्यप जी
वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री
छ.ग. शासन
विश्व पर्यावरण दिवस
की आप सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
▪ स्वच्छ पर्यावरण स्वस्थ भविष्य
▪ वन्यप्राणी कि सुरक्षा हमारी जिम्मेदारी
▪ कांगेर घाटी सिर्फ जंगल नहीं, हमारी विरासत है।
विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर तीरथगढ़ में आयोजित स्वच्छता अभियान में सभी ईको-विकास समितियों के सदस्य, नेचर गाइड, जिप्सी प्रबंधन समिति, बम्बू राफ्टिंग समिति के सदस्य, स्थानीय ग्रामवासी, युवा साथी, वन विभाग के अधिकारी एवं मैदानी कर्मचारी उपस्थित रहेंगे।
कार्यक्रम की रूपरेखाः
प्रातः 7:30 बजे से 8:30 बजे तक सभी समितियाँ एवं ग्रामवासी अपने-अपने कार्यक्षेत्रों (तीरथगढ़, कामनार, पेदावाडा, मांझीपाल, कुटुमसर एवं अन्य क्षेत्रों) में एक घंटे का श्रमदान एवं स्वच्छता कार्य करेंगे।
तत्पश्चात सभी प्रतिभागी प्रातः 9:00 बजे तीरथगढ़ जलप्रपात में आयोजित समापन कार्यक्रम में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे।
आइए, हम सभी मिलकर अपनी प्राकृतिक धरोहर को स्वच्छ, सुरक्षित एवं संरक्षित रखने का संकल्प लें और इस स्वच्छता अभियान को सफल बनाएं।
स्थानः तीरथगढ़ जलप्रपात, कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान
दिनांकः 5 जुन (विश्व पर्यावरण दिवस)
विनीत- एक शुभचिंतक, कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान

